Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding production of fighter jets by Hindustan Aeronautics LImited, Ojhar in Dindori Parliamentary Constituency, Maharashtra-laid.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी) : मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में ओझर में हिन्दुस्तान ऐयरोनोटिक्स लि. हवाई जहाज के निर्माण का बहुत बड़ा उद्योग है जहां पर वर्तमान समय में लड़ाकू विमान का निर्माण कार्य बन्द पड़ा है । जहां पर हम स्वदेशी लडाकू विमान एवं मेक इन इंडिया के तहत देश में ही लड़ाकू विमान बना सकते हैं इससे हम विदेशों से लड़ाकू विमान खरीदने पर जो विदेशी मुद्रा खर्च करते है उसको बचा सकते हैं । एच ए एल से स्थानीय तौर पर कई छोटे उद्योग धन्धे चल रहे हैं जिसमें सैंकड़ों लोगों को रोजगार मिला हुआ है । परन्तु यह बताते हुए खेद हो रहा है कि एच ए एल में लड़ाकू विमान नहीं बनाए जा रहे हैं । जिसके कारण इस एच ए एल में कार्यरत 5000 मजदूर एवं अधिकारियों पर रोजगार का खतरा बना हुआ है । 5000 लोगों में 3000 लोग निर्माण कार्य में संलग्न हैं । निर्माण कार्य बन्द होने से इन तीन हजार मजदूर एवं इंजीनियरों की नौकरी समाप्त हो सकती है । पूर्व में एच ए एल अपनी क्षमता का पूरा उपयोग विभिन्न टाईप के लड़ाकू विमान का निर्माण किया जा चुका है । सुखाई 30 एम के आई के निर्माण आदेश इस एच ए एल को दिया जाए जिससे एच ए एल में लड़ाकू विमान का निर्माण किया जा सके और उत्पादन कार्य को शुरू किया जा सके ।

मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र डिन्डोरी में स्थित एच ए एल में लड़ाकू विमानों का निर्माण कार्य और उत्पादन को पूर्व की तरह चालू किया जाए जिससे इसमें कार्यरत मजदूर की नौकरी बची रहे ।